# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**संरचना प्रमण्डल संख्या–3, भवन निर्माण विभाग, पटना।**
(Email ID- ee.cons3.bcd@gmail.com)

पत्रांक–भवन / का०अभि० / सं०प्रं०स०–3 / वि०स०सं० / 2025–26.................. पटना / दिनांक......................

प्रेषक,

**ई० शशि कान्त, (बि०अभि०से०)**
कार्यपालक अभियंता,
संरचना प्रमण्डल संख्या–3,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

सेवा में,

**PRAKALPA SPACE KRAFT,**
**सम्पुष्ट माध्यम** **PRIVATE LIMITED, 145, NANIGOPAL ROY CHOWDHURY, AVENUE (CIT ROAD), ENTALLY, KOLKATA-700014.**
**E-mail ID-1.prakalpa.atanu@gmail.com**
**2.prakalpa.arch@gmail.com**
**3.urshi.pandey@gmail.com**

**विषय :–** **बिहार विधान सभा, पटना के परिसर में विधान सभा संग्रहालय के निर्माण कार्य हेतु Working Drawing (GFC Drawing) नहीं उपलब्ध कराने के कारण कार्य प्रारम्भ में हो रहे विलम्ब के लिए डिबार करने के संबंध में।**

**प्रसंग :–**
1. **एकरारनामा दिनांक–27.09.2022**
2. **इस कार्यालय का पत्रांक–सह–पठित ज्ञापांक–184, दिनांक–18.03.2025, इस कार्यालय का पत्रांक–सह–पठित ज्ञापांक–542 अनु०, दिनांक–11.07.2025, पत्रांक–574, दिनांक–16.07.2025, इस कार्यालय के पत्रांक–सह–पठित ज्ञापांक–609, दिनांक–23.07.2025**
3. **इस कार्यालय का E-mail दिनांक–23.07.2025, दिनांक–24.07.2025, दिनांक–28.07.2025**
4. **अधीक्षण अभियंता, भवन निरूपण अंचल संख्या–2, पटना का Email, दिनांक–28.07.2025 के क्रम में इस कार्यालय का Email दिनांक–28.07.2025**
5. **आपका पत्रांक–शून्य, दिनांक–21.07.2025,Email दिनांक–23.07.2025,दिनांक–24.07.2025 एवं पत्रांक–शून्य, दिनांक–24.07.2025**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्रों एवं Email द्वारा विषयांकित कार्य से संबंधित सभी Working Drawing (GFC नक्शा) को समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। इस कार्यालय के पत्रांक–सह–पठित ज्ञापांक–609, दिनांक–23.07.2025 द्वारा अंतिम बार स्मारित करते हुए कार्य प्रारम्भ करने हेतु वांछित Working Drawing (GFC नक्शा) को अनुमोदन हेतु समर्पित करने का निदेश दिया गया। आपके Email दिनांक–23.07.2025 के द्वारा नक्शों की PDF प्रति उपलब्ध करायी गयी एवं आपके Email दिनांक–24.07.2025 के द्वारा Structural Design File समर्पित की गयी, जिसकी जाँच Working Drawing (GFC नक्शा) के अनुमोदन हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा किया गया। उनके Email दिनांक–28.07.2025 के द्वारा Structural Drawing को जॉचोपरान्त कतिपय बिन्दुओं को समावेशित करते हुए संशोधित Working Drawing (GFC नक्शा) Hard Copy में समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। परन्तु आदिनांक तक आपके द्वारा पूर्व से निदेशित एवं सक्षम प्राधिकार द्वारा जाँचोपरान्त दिये गये निदेश के आलोक में संशोधित Working Drawing (GFC नक्शा) उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो आपके कार्य के प्रति आपकी शिथिलता, अरूची एवं स्वेच्छारिता को दर्शाता है।

मुख्य अभियंता (निरूपण) के पत्रांक–118 (नि०) अनु०, दिनांक–29.01.2025 एवं पत्रांक–146 (नि०), दिनांक–10.02.2025 के द्वारा पूर्व में आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये नक्शों पर कतिपय बिन्दुओं पर संशोधन को उल्लेखित करते हुए संशोधित नक्शा समर्पित करने का निदेश दिया गया था। परन्तु आपके द्वारा बिना पूर्ण रूपेण संशोधन के उपलब्ध कराये गये नक्शों पर मुख्य अभियंता (निरूपण) के पत्रांक–227 (नि०) अनु०, दिनांक–04.03.2025 द्वारा मात्र Tender Purpose हेतु इस शर्त के साथ अनुमोदन दिया गया था, कि निर्माण कार्य से पूर्व GFC Structural Drawings का अनुमोदन निरूपण उपभाग से करा लेगें।

इस कार्यालय के पत्रांक–सह–पठित ज्ञापांक–184, दिनांक–18.03.2025 द्वारा विषयांकित निर्माण कार्य हेतु परामर्शी सेवा को सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं कराने के कारण आपको चेतावनी दी जा चुकी है। DPR समर्पित करने में आपके असहयोग रहने एवं अभिरूची नहीं लेने के कारण निविदा की तिथि को भी बढ़ाना पड़ा, जिससे विभाग को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। निविदा के निष्पादन उपरान्त निर्माण एजेन्सी का चयन

कृ०पृ०उ०

हो चुका है एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–02.07.2025 है। आपके द्वारा विषयांकित कार्य के परामर्शी कार्य में बरती जा रही शिथिलता, अरूची एवं स्वेच्छारिता के कारण Working Drawing (GFC नक्शा) का सक्षम प्राधिकार द्वारा अभी तक अनुमोदन प्राप्त नहीं किया जा सका है एवं कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।

अतएव, विषयांकित महत्वपूर्ण कार्य हेतु आपके द्वारा Working Drawing (GFC नक्शा) उपलब्ध नहीं कराने, परामर्शी कार्य में शिथिलता बरतने, कार्य के प्रति अरूचि रखने एवं आपकी स्वेच्छारिता के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाने के लिए सीधे तौर पर आप जिम्मेवार हैं। फलस्वरूप आपको तत्काल प्रभाव से किसी भी निविदा में भाग लेने से **डिबार** किया जाता है। साथ हीं, यह निदेश दिया जाता है कि पत्र निर्गत की तिथि से दो दिनों के अन्दर वांछित संशोधित Structural GFC Drawing एवं अन्य GFC Drawing को समर्पित करें, अन्यथा दण्ड के साथ एकरारनामा विखण्डन की कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाज

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–भवन/का०अभि०/सं०प्रं०स०–3/वि०स०सं०/2025–26.................. पटना/दिनांक......................
**प्रतिलिपिः**–सरकार के सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–भवन/का०अभि०/सं०प्रं०स०–3/वि०स०सं०/2025–26.................. पटना/दिनांक......................
**प्रतिलिपिः**–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/मुख्य अभियंता (पटना)/मुख्य अभियंता (विद्युत) /मुख्य वास्तुविद/मुख्य अभियंता (निरूपण)/अधीक्षण अभियंता (विद्युत)/अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक–भवन/का०अभि०/सं०प्रं०स०–3/वि०स०सं०/2025–26.-649 पटना/दिनांक-31.07.2025.
**प्रतिलिपिः**–आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय Website पर Upload करने हेतु प्रेषित।

31/7/2025

कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या–3
भवन निर्माण विभाग, पटना।

31/07/25